Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-04-2022 | अंक 194

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जानिए अपने पंचायत चुनाव के बारे में ....

**चुनाव कब और क्या क्या होंगे?**

हजारीबाग जिले के बरही, चौपारण, बरकट्ठा, पदमा एवं चलकुसा का चुनाव 14 मई को होगा।

**नामांकन की तिथि : 16 अप्रैल से 23 अपैल तक**

स्कुटनी की तारीख : 25 अर्पेल से 26 अप्रैल तक

नाम वापसी की तिथि : 27 अपैल से 28 अर्पेल 2022 तक
समय 11 बजे पूर्वाहन से 3 बजे अपराहन तक

निर्वाचन प्रतीक चिन्ह यानि चुनाव चिन्ह का आवंटन की तिथि 29 अप्रैल समय 11 बजे पूर्वाहन से कार्य पूर्ण होने तक

मतदान की तारीख : 14 मई 2022
समय सुबह 7 बजे से अपराहन 3 बजे तक

मतगणना की तारीख 17 मई सुबह आठ बजे से

**चुनाव कोड प्रखंड का**

चौपारण : 01
बरही : 02
बरकट्ठा : 03
चलकुसा : 04
पदमा : 06

**कितना खर्च कर सकते हैं**

1. वार्ड सदस्यः 14000 अधिकतम
2. मुखिया 85000 अधिकतम
3. पंचायत समिति सदस्य' : 71000
4. जिला परिषद सदस्यः 214000

**प्रपत्र कहां जमा होगा**

1. मुखिया एवं वार्ड सदस्यः बीडीओ
2. पंचायत समिति सदस्यः एसडीओ
3. जिला परिषद सदस्यः हजारीबाग जिला

# पंचायत चुनाव : आपकी सरकार, गांव की सरकार

## आपकी आवाजः अपेम लाइव न्यूज के साथ

**पंचायत चुनाव का आगाज हो चुका है। पंचायत चुनाव के माध्यम से मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य एवं वार्ड सदस्य का चुनाव होना है। आज से अपेम लाइव न्यूज पंचायत के कुछ भावी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य की भावी कार्य योजना, विजन एवं जीत के बाद उनके द्वारा जनता के हित के लिए क्या किया जाएगा, उस पर एक साक्षात्कार के साथ विश्लेषण प्रकाशित करने जा रहा है। आप भी संपर्क कर सकते हैं मो 7004315535 ,9550809864**

**अंक : 01 - भावी प्रत्याशी का नाम : कपिल प्रसाद केशरी, भावी पंचायत समिति सदस्य, बरही पश्चिमी पंचायत**

# एक बार जनता विश्वास कर मुझे सेवा करने का मौका दे, विश्वास पर हम खरा उतरेंगे : कपिल प्रसाद केशरी

## शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण के साथ आपसी सदभाव हमारी प्राथमिकता

**अपेम लाइव : बरही**
**कृष्णा प्रजापति**

बरही पश्चिमी पंचायत से प्रतिष्ठित व्यवसायी ,व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी मिशन प्रखण्ड प्रमुख का लक्ष्य लेकर बरही पश्चिमी पंचायत से भावी पंचायत समिति सदस्य के तौर पर चुनावी मैदान में आने की घोषणा कर चुके हैं। सामाजिक कार्यों में इनकीं बढ चढ़ की भागीदारी होती रहती है। व्यवसायिक संघ के माध्यम से व्यवसायियों एवं अपेम से जुड़कर पत्रकारो, कलाकारों, शिक्षकों, किसानों एवं महिलाओं के विकास के लिए हमेशा चिंतनशील रहते हैं। युवाओं में इनकीं एक खास पहचान है। सरल सुलभ एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी कपिल केशरी ने न केवल बरही पश्चिमी पंचायत बल्कि प्रमुख के तौर पर पूरे प्रखण्ड के विकास के लिए अपना विजन एवं कार्य योजना को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यही वजह है कि चुनाव में इनकीं दावेदारी की खबर के साथ ही प्रबुधजनों की अपेक्षाएं इनसे बढ़ गई है। अपेम लाइव की टीम ने कपिल केशरी से एक्ससीलुसिव बात चीत की है उनका कुछ अंशः-

**सवालः** आप एक सफल व्यवसायी हैं फिर चुनाव में आने के पीछे क्या सोच है ?

**उतरः** देखिए ईश्वर की कृपा से मेरे पास सब कुछ है। लेकिन मैं सच्चे मन से ईमानदारी से बरही की जनता की सेवा करना चाहता हूं। सेवा करने की पहली सीढ़ी पंचायत प्रतिनिधि होता है। इसलिए मैंने अपने पंचायत की जनता की सेवा के साथ प्रखण्ड की जनता के लिए चुनाव मैदान आया हूँ।



कपिल प्रसाद केशरी ( भावी प्रत्याशी पंसस बरही प0)

**सवालः** पंचायत समिति सदस्य के माध्यम से आप जनता के लिए क्या करना चाहेंगे।

**उतर :** पंचायत समिति सदस्य के माध्यम से गरीब जनता के विकास के लिए हर ओ काम करेंगे , जो उनके अधिकार क्षेत्र में आएगा। जनता को जो संवैधानिक अधिकार मिला है उसे हर हालत में उसे मुहैया कराया जाएगा।

**सवालः** महिलाओं के विकास के लिए क्या आपके पास कोई विजन है।

**उतरः** जहां तक मेरा मानना है कि बिना महिलाओं के विकास के पूर्ण विकास की बात करना सही नही होगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम में लहरा रही हैं। मेरी सोच है कि बरही पश्चिमी पंचायत की महिलाओं के साथ साथ बरही प्रखण्ड के सभी महिलाओ को सेल्फ हेल्फ़ ग्रुप से जोड़कर उनके लिए रोजगार की व्यवस्था करेंगे। टोला टोला में सिलाई कढ़ाई सेंटर के साथ साथ कुटीर उद्योग स्थापित कर उन्हें प्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जोड़ने का काम करेंगे।

**सवालः** अक्सर देखा जा रहा है कि बुजुर्गो को पेंशन का पात्रता रहने के बाद भी पेंशन के लिए भटकना पड़ता है। इसके लिए क्या उपाय करेंगे।

**उतरः** जिनकी भी उम्र 60 वर्ष हो गया है। उनके लिए विशेष शिविर लगाकर पेंशन दिलाने का काम किया जाएगा। सर्वे कर विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन दिलाने का पूरा प्रयास रहेगा।

**सवालः** युवाओं के विकास के लिए क्या योजना है?

**उतरः** मेरा मानना है कि युवाओं के विकास पर देश की अर्थव्यवस्था टिकी रहती है। इसलिए हमारी योजना है कि शिक्षित बेरोजगारों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलवाकर उन्हें स्व रोजगार के लिए प्रेरित करें।

**सवालः** प्रमुख की दावेदारी में कितना दम है?

उतरः मैं पंचायत समिति सदस्य का चुनाव मुख्य रूप से प्रमुख के लिए ही लड रहा हूँ ,क्योंकि एक पंचायत समिति सदस्य ही प्रमुख बन सकता है। प्रमुख बनकर हम पूरे प्रखण्ड की जनता की सेवा करना चाहते हैं।

**सवालः** आप बरही प0 पंचायत की जनता से क्या अपील करना चाहेंगे?

**उतर :** बरही पश्चिमी पंचायत में पंचायत समिति सदस्य के कई उम्मीदवार होंगे । सभी अपना विजन रखेंगें। सबका बैकग्राउंड कार्य प्रणाली, अपराधिक चरित्र का आंकलन करनी चाहिए। पूर्व के प्रतिनिधियों के द्वारा पंचायत के विकास के लिए कितना काम किया गया उसका आंकलन जनता करे। मैं विशुद्ध तौर पर समाज की सेवा के लिए पंचायत चुनाव में आया हूँ। एक बार सेवा का मौका दें, अपनी आशीर्वाद दें। विश्वास कर अपना मत दें। मैं आप जनता के विकास के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ूंगा। मुझे बरही प0 की जनता पर पूरी उम्मीद है कि ओ सब मुझे अपना आशिर्वाद जरूर देंगे। हम बरही प0 पंचायत को आदर्श पंचायत के साथ बरही चौक को स्वच्छ एवं सुंदर चौक बनाएंगे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही में शांति एवं सौहार्द के साथ मनाई गई रामनवमी पूजा, शोभा यात्रा निकाल झूमे श्रद्धालू

## बरही चौक हुआ भगवामय, जय श्री राम की नारों से गुंजा बरही

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में रामनवमी पूजा शांति एवं सौहार्द के साथ मनाई गई। शोभायात्रा में हज़ारो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर जयश्रीराम के नारों के साथ जमकर झूमे। पिछले दो दिनों से रामनवमी पूजा के अवसर पर बरही में विभिन्न अखाड़ों की ओर से जुलुश निकाला गया। सुबह एवं शाम दो बार जुलुश निकला। इसमे महावीरी झंडे एवं भगवा झंडा के साथ जय बजरंग बली एवं जय श्रीराम का नारा लगाए गए। गया रोड, हज़ारीबाग़ रोड , धनबाद रोड एवं तिलैया रोड में अखाड़ों की ओर से आकर्षक झांकी भी निकाली गई। वही कई जीवंत झाकियां भी निकाली गई। जिससे लोग देख काफी रोमांचित हुए। महावीर मंडल की ओर से निकाली गई जीवंत झांकी के आपसी सद्भाव को दिखाया गया। इसमे राज आर्यन डांस एकेडमी के कलाकारों ने बेहतर अभिनय किया। इनमे अनुज कुमार, जूही शर्मा , सोनु कुमार , राज आर्यन ( छोटी ) विकास कुमार, गौतम, आनंद , प्रख्यात कुमार ( सेतु ) राहुल, दीपक, सौरव, राजू, आशा , ऋतु , मुस्कान शामिल रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से चप्पे चप्पे पर पुलिस एवं दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। बरही चौक गोलंबर के पास कंट्रोल रूम बनाया गया।जहां से चारो मार्गो की मॉनिटरिंग की जा रही है। विधायक उमाशंकर अकेला , एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो गस्ती करते देखे गए। डीएस प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में बरही चौक पर मेडिकल टीम भी मुस्तैद रही। रसोइया धमना, कोयली, लस्करी, बरहिडिह, करियातपुर, विजैया, गौरियकर्मा, बेन्दगी में भी शान से निकाली गई। जुलुश में विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, बिनोद विश्वकर्मा, रमेश ठाकुर, भगवान केशरी, सुनील चंद्रवंशी, अब्दुल मनान वारसी, मनोज केशरी, डॉ विजय कुमार, उमेश कुमार दास, उप प्रमुख सिकन्दर राणा, राजकुमार केशरी, प्रो हिरामन साहु, बीरेंद्र कुमार, सुबोध केशरी, बजीप प्रतिनिधि मो कयूम, बलराम केशरी, ब्रजेश ठाकुर, रंजीत चंद्रवंशी, दुलार यादव, राजेन्द्र कुशवाहा ने शामिल होकर रामनवमी की शुभकामनाएं दी।




श्री रामनवमी महासमिति बरही सरह जिला प्रशासन बरही हजारीबाग के मंच पर विराजमान शोभा यात्रा को देखते पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व महासमिति के लोग एवं उनके समर्थक



जीवंत झांकी प्रस्तुत करते कलाकार

## बरही रामनवमी पूजा की झलकियां



श्री राम सेना अखाड़ा लसकरी



बरहीडिह की झांकी




भगवती मंदिर धनबाद रोड



हरिला की झांकी



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



जीवंत झाकी प्रस्तुत करते कलाकार


विजैया में रामनवमी की धूम


संगीत प्रस्तुत करते कलाकार


## RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
UID NO. 20040117202
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum










इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।
——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से








कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL
PURHARA
विद्या ददाति विनयम्
Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum
CLASS : Nusery to VIIIth.
For Children's bright future.
(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)
नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निः शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डलवा दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है।

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)
Mob. 9973278122, 9199197021






तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बधिया जबाड़ में चौहरमल राहु केतु पूजा उत्सव का आयोजन, निकला जल यात्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जल यात्रा में शामिल श्रद्धालु

कोल्हुकला पंचायत के बधियाजबाड में युवा पासवान समाज की।ओर से बाबा चौहरमल राहु केतु पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाबा चौहरमल के साथ साथ राहु केतु ग्रह की शांति के लिए पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के साथ साथ जल यात्रा भी निकाली गई। इस जल यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पूजा अर्चना कर पूजन स्थल पर कलश को स्थापित किया गया। इस अवसर पर मौजूद विधायक उमाशंकर अकेला एवं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भी पूजा अर्चना में भाग लेते हुए बरही वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर बिरजू पासवान, ब्रह्मदेव पासवान, रघुवीर यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## गुड़ियों विजैया में निकला झांकी, जय श्री राम के नारों से गुंजा विजैया

### अधर्म पर धर्म की असत्य पर सत्य की जीत की प्रतीक है रामनवमी पूजा : मो क्यूंम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झांकी में शामिल रामभक्त

रामनवमीं पूजा के अवसर पर विजैया चौक पर रामभक्त श्रद्धालुओं की ओर से आकर्षक झांकी मिकाली गई। गुड़ियों , विजैया एवं बेलहरा की ओर से एक से बढ़कर एक झांकी के साथ विजैया चौक पहुंचे। जहां मुखिया दशरथ यादव, जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने सभी का स्वागत किया। पूरे जुलुश में जीप प्रतिनिधि ने सहभागिता निभाते हुए सामाजिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण पेश की। मौके पर रामभक्तों ने लाठी भाला, तलवार से अपनी कलाकारी दिखाई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।इस अवसर पर मो कयूम ने कहा कि रामनवमी अधर्म पर धर्म की एवं असत्य पर सत्य की विजय की प्रतीक है। हमे इसका अनुपालन करनी चाहिए। मौके पर सुनील कुमार यादव ,सुशील कुमार यादव ,उमेश यादव पंचायत समिति सदस्य, कांति देवी, मो0 सलामत ,सीता राम यादव, बैजनाथ महतो ,विनोद यादव , प्रमेशर पंडित कैलाश पंडित, विद्या देवी ,अशोक कुमार, संजय दास, छोटी यादव ,रोहित कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।।

## बरसोत पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बनी शकुंतला देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष का स्वागत करती प्रधान सीता देवी

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत में मंगलवार को पैक्स का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 60 वोट पड़े। जिसमे शकुंतला देवी के पक्ष में 37 वोट एवं तुषार कुमार भारती को 20 वोट पड़े। शकुंतला देवी ने तुषार कुमार भारती को 17 वोट से हराकर जीत हासिल की। वहीं नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष शकुंतला देवी को बरसोत प्रधान सीता देवी ने माला पहनाकर स्वागत किया। बरसोत प्रधान प्रति. निधि विशुनधारी महतो ने पैक्स के कार्यो के बारे में बताया कि पैक्स के माध्यम से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीद की जाती है। पैक्स के सदस्य स्थानीय किसान को कृषि से जुड़े लोग होते है। पैक्स के माध्यम से खाद और बीज का व्यापार होता है। मौके पर पैक्स से जुड़े लोग मौजूद रहे।

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)

SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari

Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers,
Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance
&
Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD
BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard GENERAL INSURANCE
TATA AIG INSURANCE
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
FUTURE GENERALI TOTAL INSURANCE SOLUTIONS
digit
care HEALTH INSURANCE
Royal Sundaram General Insurance
Oriental insurance
NEW INDIA ASSURANCE
Chola MS GENERAL INSURANCE
सुविधा उपलब्ध:–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

9122222016
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
DOUBLE BED • SOFA • SOFA-CUM-BED • DIWAN-CUM-BED • DRESSINGS • CHAIRS • DINNING TABLE
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन

Season Sale
कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि भी उपलब्ध है
पाएं आकर्षक छूट
पुरहरा मोड़, रसोइया धमना, बरही, हजारीबाग, झारखण्ड - 825405

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हाथियों के तांडव से बाल बाल बचे ग्रामीण

## विशुन साव ग्रामीण हुआ जख्मी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : थाना क्षेत्र के ग्राम दिगवार में बीती रात हाथियों ने जमकर उत्पात मचाता रहा और ग्रामीणों के द्वारा वन अधिकारियों को रात भर फोन किया गया लेकिन वन अधिकारी के द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस दौरान हाथी के चपेट में आने से विशुन साव पिता रघु नायक बुरी तरह जख्मी हो गया। विशुन साव का बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया। एवं जीवलाल साव, शिवलाल साव पिता झरी नायक टुक लाल साव पिता बिहारी साव सुदामा साव पिता बोधी साव,लाटो साव पिता विशुन साव,त्रिवेणी साव पिता शुकर साव,अनुप साव पिता बिहारी साव ,तोती पंडित पिता लटू पंडित, बाबू लाल पंडित पिता गेलू पंडित सभी ग्राम दिग्वार निवासी हाथियों के द्वारा मकान को तोड़कर राशन सामग्री चावल आलू प्याज खाकर नुकसान पहुंचाया जिससे लाखों का नुकसान हुआ है वन अधिकारियों के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। घटनास्थल पर पहुंची ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह ने कहा कि वन विभाग जख्मी परिवार को बेहतर इलाज कराएं एवं पांच लाख का मुआवजा दें। मुखिया भुनेश्वर दास ने कहा कि वन अधिकारियों को हाथियों की सूचना बराबर दिया जाता है लेकिन वन अधिक. ारियों के द्वारा हाथियों को भगाने के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया जाता है। उपप्रमुख दुर्गा प्रसाद यादव ने रेंजर कमलेश कुमार



सिंह से दूरभाष के माध्यम से घटना की जानकारी देते हुए हाथियों को क्षेत्र से निकालने के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा जिससे क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।सभी प्रतिनिधियों के द्वारा उचित मुआवजे की मांग किया गया मौके पर लाटो साव,धानेश्वर साव,टेकलाल साव,हिरामन साव, नुनेश्वर साव,शांति देवी, नरसिंह नायक, जितेंद्र ,सूरज ,गो. विंद, कौशल्या देवी टुन्नी देवी पार्वती देवी एवं अन्य ग्रामीण रात भर परेशान रहे।

## बरकट्ठा में हनुमान पताका की धूम निकली शोभायात्रा

### शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी संपन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड में रामनवमी के अवसर पर सभी शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़े-बड़े महावरी झंडों के साथ रामभक्त शामिल थे जो आकर्षण का केंद्र रही। रामनवमी जुलूस व शोभायात्रा के दौरान पूरा इलाका जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गूंज उठा। वही श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक तरीकें से लाठी, भाला, तलवार भांजा गया। रविवार को शांति और सौ. हार्द पूर्ण वातावरण में देर संध्या को रामनवमी पर्व संपन्न हुआ। इस अवसर पर बरकट्ठा जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम, मुखिया दसरथ यादव, पंचायत समित देवलाल कुशवाह ने एक सामाजिक कार्यकर्ता का परिचय देते हुए पूरे शोभायात्रा में शामिल रहे। वहीं लाठी व भला का खेल खेल कर लोगो का दिल जीते। इस विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, पंसस प्रति. निधि अशोक गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि संजय गुप्ता, पीताम्बर नायक,विक्की चंद्रवंशी,मि. थलेश भारती, रंजन यादव,दीपक स्टार महाकाल,राजेन्द्र यादव,पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव,सचिव शंकर लाल,कोषाध्यक्ष महादेव साव, शोभा समिति अध्यक्ष महेश मंडल,सचिव रूपेश गुप्ता,कोषाध्यक्ष बिनोद साव,मूर्तिकार नंदकिशोर जी,पुजारी आनंद पांडेय, शिवकांत पांडेय,चंद्रिका पांडेय,बबून ठाकुर,विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,इंद्रजीत प्रसाद, सदस्य रामजी मंडल,गुडू राम,धीरज गुप्ता,चंदन श्रीवास्तव,सूरज श्रीवास्तव, सरजू साव,सिकन्दर यादव,सुमन गुप्ता,रवि गुप्ता,संजय गुप्ता,मिथलेश भारती, सिकन्दर यादव,विक्की गुप्ता,रवि गुप्ता,रतन गुप्ता,दीपक राणा,बालेश्वर यादव,रंजन यादव,बिट्टू मोदी,सत्यम भारती, पवन सोनी, महादेव साव,सतीश साव, चंदन मोदी,इंद्रदेव मोदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए।जुलूश दुर्गा माता मंदिर बरकट्ठा से बुढ़िया माता मंदिर बाजार रोड़ होते हुए पुनः दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में समापन हुआ। निगरानी में लगी थी प्रशासनिक टीम जुलूस के दौरान प्रखण्ड प्रशासन के बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, इंस्पे. क्टर अमित कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी विक्रम कुमार अपने दल बल के साथ जुलूस की निगरानी बनाये हुए थे









दिनांक: 12-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## मुनिका रानी ने पूजा अर्चना कर फुंकी चुनावी बिगुल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : पंचायत चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों में हलचल शुरू हो गई है ।बरकट्ठा दक्षिणी जिप सदस्य की प्रत्याशी मुनिका रानी पति कमल किशोर धरहरा कोसमा निवासी ने विजयदशमी को महावर बाबा का पूजा अर्चना कर अपना चुनाव बिगुल फुंकी मौके पर उपस्थित लोगों को अंगवस्त्र देकर आशिर्वाद लिया ।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना आशिर्वाद दिया तो क्षेत्र की चहुंमुखी विकास करुंगी जनता की मान सम्मान को कभी कम नहीं होने दुंगी। मौके पर कोनहरा खुर्द मुखिया रघुनाथ सिंह,पंसस बिरेन्द्र शर्मा, शिक्षक बा. लगोविंद प्रसाद, रामलखन पंडित, प्रमोद सिंह, पति कमल किशोर प्रसाद, अर्जुन दास, केदार प्रसाद, सुरेश प्रसाद, संजीव भुषण, संतोष कुमार, दशरथ प्रसाद, छोटन प्रसाद, राजू साव,राजेश सिंह, रामचन्द्र राणा, शिवशंकर मोदी, भोजराज राणा, रामेश्वर पासवान, संजय प्रसाद, छोटीलाल प्रसाद, मनोज प्रसाद, बिहारी महतो,लालमोहन प्रसाद, राजेश कुमार,पंकज मद्धेशिया, राजकुमार चौधरी समेत लोग मौजूद थे।

## बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है बिजली विभाग

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र समेत पूरे जिले में इंटर और मैट्रिक की परीक्षा चल रहा है लेकिन बिजली विभाग के लापरवाही के कारण छात्र-छात्राएं चौबे रेलवे स्टेशन के लाइट में पढ़ने को है मजबूर, बिजली विभाग के द्वारा बिजली नहीं देने के कारण बच्चों को रात भर चौबे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में रहकर परीक्षा की तैयारी करना पड़ रहा है। रात भर बच्चे मच्छर का सामना करते हुए पढ़ाई कर रहे हैं। अनिल पंडित प्रवीण चौधरी इन बच्चों का कहना है कि हमारे प्रखंड के जितने जनप्रतिनिधि है किन्ही के द्वारा भी ध्यान हम छात्र-छात्राओं के भविष्य पर नहीं है, अगर यदि रहता तो परीक्षा के समय जरूर बिजली मिलती है और हम सब घर में बैठकर आराम से पढ़ाई करते ।

## माता दुर्गा की विदाई में महिलाओं ने भरा खोइन्छा

### दुर्गा मन्दिर में विवाहितों ने किया सिंदूर होली खेला

### बरकट्ठा में मंगलवार को हुआ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन




बरकट्ठा में माता दुर्गा को विदाई देते श्रद्धालु।

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रतिनिधि। बासन्ती दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा वासियों में भारी उत्साह से उत्सव मनाया गया। मंगलवार को माता दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाला गया। जुलूस बरकट्ठा बाजार, डाकडीह का भ्रमण करते हुए बेलवा नदी घाट में विसर्जन किया गया। इसके पूर्व दुर्गा मंडप में माता दुर्गा की विदाई में मि. हलाओं ने खोइन्छा भरा। खोइन्छ देने के बाद विवा. हित महिलाओं ने सिंदूर खेला किया। माता दुर्गा के श्रद्धालु भक्तों ने नम आंखों से माता की विदाई की। प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकाले गए जुलूस में प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ शांति व्यवस्था को लेकर चुस्त रहे। मौके पर स्थानीय प्रशासन के सीओ श्रीकांत लाल मांझी, बीईओ अशोक कुमार पाल इंस्पेक्टर अमित लकड़ा, थाना प्रभारी विक्रम कुमार, प्रखण्ड प्रमुख रामलखन मेहता,मुखिया बसन्त साव, पंसस प्रति. निधि अशोक गुप्ता,पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, सचिव शंकर लाल, कोषाध्यक्ष महादेव साव, शोभा समिति अध्यक्ष महेश मंडल, सचिव रूपेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिनोद साव, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, जागेश्वर यादव, इंद्रजीत प्रसाद, रामजी मंडल, गुडू राम, धीरज गुप्ता, चंदन श्रीवास्तव, सूरज लाल सरजू साव,सिकन्दर यादव, सुमन गुप्ता, रवि गुप्ता, संजय गुप्ता, मिथलेश भारती,विक्की गुप्ता,रवि गुप्ता,रतन गुप्ता,दीपक राणा,बालेश्वर यादव,रंजन यादव,बिट्टू मोदी,सत्यम भारती, पवन सोनी, महादेव साव, सतीश साव, चंदन मोदी, इंद्रदेव मोदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु विसर्जन जुलूस में शामिल थे

## 14 अप्रैल को चंदवारा में धूमधाम से मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

### रविदास समाज की बैठक में ली गई निर्णय

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



बैठक में शामिल रविदास समाज के लोग

चंदवारा रविदास समाज की एक बैठक चंदवारा चौक के निकट की गई। जिसकी अध्यक्षता बंधन राम एवं संचालन तुलसीदास ने किया। बैठक में रविदास समाज के तमाम बुद्धिजीवी व्यक्ति एवं सदस्यगण शामिल हुए। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को विश्वरत्न, संविधान निर्माता महामानव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि हर साल की भांति इस साल भी बाबा साहब की जयंती धूमधाम एवं शांतिपूर्वक से मनाया जाएगा। साथ ही जयंती समारोह में अन्य समाज के बुद्धिजीवी व्यक्तियों एवं बाबा साहब के विचारधारा पर चलने वाले तमाम साथी शामिल होंगे। वहीं एक मोटरसाइकिल रैली निक. ाली जाएगी। जो चंदवारा ब्ल०क मैदान से बजरंग. बली चौक होते हुए बाबा साहब चंदवारा चौक पर सभा में तब्दील हो जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय दास, इंद्रदेव दास, मनोज दास, शंकर दास (भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष कोडरमा), ननकू रविदास, राजकुमार दास, रंजन मनोज, सरजू दास, दिलीप दास, संजय दास, पप्पू दास, सुरेश दास, हीरामन रविदास, इंद्रदेव दास, विनोद रविदास, मनोज रविदास, राजेंद्र दास, रामचंद्र, संभु रविदास, अर्जुन दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बडकी धमराय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूम धाम से मनाई गई

### महात्मा फुले एक महान समाज सुधारक थे - सरयू प्रसाद वर्मा

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखंड के बडकी धमराय पंचायत में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पहली बार धूम धाम से मनाई गई। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी सरयू प्रसाद वर्मा व धानेश्वर ठाकुर मौजूद थे। अतिथियों ने फुले के छायाचित्र पर माला अर्पित किया । इस अवसर पर लोगो पर में अभुतपूर्व उत्साह देखा गया। मौके पर महात्मा फुले के जीवन की उपलब्धियों को याद करते हुए अतिथियों ने कहा कि महात्मा फुले समाज सुधारक के साथ-साथ एक प्रबोधक, विचारक, समा. जसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी धरती पुत्र भी थे। उन्होंने कहा कि फुले ने अभिशप्त जाति के लिए सुधारात्मक कार्य किया। शिक्षा से वंचित लोगों में शिक्षा का अलख प्रज्वलित किया। उन्होंने बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल की स्थापना की। दलित व स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में दोनों पति-पत्नी ने मिलकर काम किया। वे एक कर्मठ और समाजसेवी की भावना रखने वाले व्यक्ति थे। निर्धन तथा निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा ने श्सत्यशोधक समाजश की 1873 मे स्थापित की। उनकी समाजसेवा देखकर 1888 ई. में मुंबई की एक विशाल सभा में उन्हें श्महात्माश की उपाधि दी गई। ज्योतिबा ने ब्राह्मण पुरोहित के बिना ही विवाह संस्कार आरम्भ कराया और इसे मुंबई उच्च न्यायालय से भी मान्यता मिली। वे बाल विवाह वि. रोधी और विधवा-विवाह के समर्थक थे। अपने जीवन काल में उन्होंने कई पुस्. तकें भी लिखीं। गुलाम. गिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसान का कोड़ा, अछूतों की कैफियत. महात्मा ज्योतिबा व उनके संगठन के संघर्ष के कारण सरकार ने श्एग्रीकल्चर एक्टश पास किया। धर्म, समाज और परम्पराओं के सत्य को सामने लाने हेतु उन्होंने अनेक पुस्तकें भी लिखी ।मौके पर रूपलाल महतो, धनेश्वर ठाकुर, सुरेन्द्र महतो, सोनू मोदी, सरयू राम, दुला राम गणेश राम, इन्द्राशन राम आदि उपस्थित थे ।

## मारपीट में महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत बा. राटांड निवासी मुन्नी मोसोमात उम्र 45 वर्ष पति स्व महेश रविदास घरेलू विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गई। वहीं घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया

APEM LIVE NEWS सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, तीन की मौत, एक महिला घायल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त दोनों बाइक


विष्णुगढ़-गोमियां रोड़ स्थित विष्णुगढ़ के जमुनियां डैम के पास तीखे घुमावदार मोड़ में दो बाइक की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे बेहतर इलाज के लिए एचएमसीएच, हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना मंगलवार दोपहर लगभग पौने दो बजे की है। मृतकों में विष्णुगढ़ के खरकी पंचायत अंतर्गत केंदुआडीह निवासी केदार साव (45) पिता चुरामन साव के अलावा गिरिडीह जिला के बगोदर थानान्तर्गत बेको निवासी इमरान अंसारी (22) व शाहिद अंसारी (20) शामिल हैं। वहीं घायलों में मृतक केदार साव की पत्नी लीलावती देवी (38) चोटिल है। बताया जाता है कि दंपति केदार साव तथा लीलावती देवी बाइक (जेएच10एएम 5033) पर सवार होकर केंदुआडीह से विष्णुगढ़ की ओर सामान की खरीदारी करने आ रहे थे। वहीं, बेको निवासी इमरान अंसारी व शाहिद अंसारी बाइक (जेएच11एइ 3365) से कोनार डैम जा रहे थे। इसी दौरान जमुनियां डैम के पास तीखे घुमावदार मोड़ में विपरीत दिशा से आ रही दोनों बाइक अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक पर सवार तीनों पुरूषों ने मौके पर हीं दम तोड़ दिया। वहीं, टक्कर के बाद महिला दूर जा गिरने की वजह से उसकी जान बच गई। बताया जाता है कि तीनों की मौत सिर पर जोरदार चोट लगने की वजह से हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार किसी ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। यदि बाइक सवार हेलमेट पहने रहते तो संभव था कि जान बच जाती। सूचना पर आजसू नेता दीपू अकेला मौके पर पहुंचे और तीनों शवों को वाहन पर लेकर ह०स्पीटल पहुंचे। विष्णुगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों बाइक को जब्त कर लिया। जांचोपरांत तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## जगदीशपुर में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

### विधायक व पूर्व विधायक हुए सम्मिलित, जय श्रीराम के नारों से गूँजा इलाका

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





जगदीशपुर में माँ देवी मंडप सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुवा। मंगलवार को 501 कलश के साथ निकला भव्य कलश यात्रा में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ सैकड़ो लोग हुए सम्मिलित। कलश यात्रा देवी मंडप से निकलकर जगदीशपुर पाण्डेयबारा होते हुए चपरी स्थित नदी के पास पहुँचा जहां वाराणसी से आये यज्ञाचार्य चक्रपाणि की महाराज ने वैदिक मंत्रोचार के साथ जल भरनी का कार्य सम्पन्न करवाया। इससे पूर्व अतिथियो ने सामूहिक रूप से यज्ञ मंडप का फीता काटकर उदघाटन किया। वही यज्ञ समिति ने अतिथियो को भगवान वस्त्र देकर कलश यात्रा में स्वागत किया। जय श्रीराम के उदघोष से गूँजता रहता पूरा इलाका। कलश यात्रा में जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा पूरा जगदीशपुर भक्तिमय माहौल में डूबा हुवा है। कहा निश्चित रूप से भगवान कि कृपा क्षेत्र वासियो पर बनेगा। में यज्ञ समिति अध्यक्ष व्यास यादव, सचिव रामाधीन तुरी, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र रविदास, उपसचिव चनद्रदेव यादव, सह अध्क्षय बैजनाथ ठाकुर, संयोजक अशोक प्रजापति, जितेंद्र यादव, सुरेश यादव, संजय यादव, महेश यादव, भीम तुरी, राहुल तुरी, प्रकाश यादव, शंकर ठाकुर आदि ने बताया कि प्रतिदिन संध्या वृन्दावन किशोरी धाम से आई आई सुप्रसिद्ध प्रवचन कर्ता सुश्री पिखा अखिलेश जी के द्वारा किया जाएगा। कलश यात्रा में स्थानीय मुखिया बबीता देवी, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, मुखिया संघ राजदेव यादव, पाण्डेयबारा मुखिया रेखा देवी, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, समाजसेवी चेतलाल साव, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, परमेश्वर साहू, ड० वीके यादव, बहादुर सिंह, संजय गुप्ता सुदीप सिंह, दयानिधि पांडेय, जगदेव प्रसाद, अशोक सिंह, जगजीत कुमार उर्फ गौरी, सुखदेव सिंह, रविश सिंह, मनोज सिंह भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, महेंद्र साहू, बीरबल साहू, अधीन सिंह महेंद्र रविदास महेश यादव, उदंती देवी, हीरा सिंह, प्रवीण भारती, वा. सुदेव साव समेत हजारों श्रद्धालु इस कलश यात्रा में उपस्थित हुए

## कलशयात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

### सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल, किया धार्मिक जयकारे व मंत्रों का जयघोष

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





कलश यात्रा के साथ बड़कागांव प्रखंड के लंगातू ग्राम में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर तपती धूप में नंगे पांव मंदिर परिसर से कलश लेकर केरीगढा, महटिकरा, होते हुए जमनीडीह नदी से जल कलश में भरकर हरधारा बागी, बड़कागांव चंदनटिलहा होकर धार्मिक जयकारे लगाते हुए पूरी भक्ति भाव के साथ यज्ञ स्थल लंगातू मंदिर परिसर में पहुंच कर विधिवत जलकलश को रखा । जहाँ धर्माचार्यो द्वारा विधि पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ सभी देवी देवताओं का आह्वान करते हुए यज्ञ कुंड में अग्नि प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। पांच दिवसीय महायज्ञ लंगातू गांव में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित की गई है। इस दौरान वेदाचार्य और दर्जनों धार्मिक आचार्यो का प्रवचन के साथ-साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य रुप से अप्रैल 12 ,13 ,14 को देवघर से आए सुश्री देवी ज्योति शास्त्री एवं वाराणसी दशमेश घाट से आए छोटे सरकार एवं अप्रैल 15 को वाराणसी से आए सुश्री अंजलि गोस्वामी का प्रवचन होगा वही अप्रैल 16 को भव्य भंडारे के उपरांत संध्या को भक्ति जागरण का आयोजन है जिसके उद्घाटन के मौके पर चाणक्य आईएएस एकेडमी संस्थापक यह लंगातू के सुपुत्र अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित रहेंगे जिसमें मुख्य रूप से प्रसिद्ध पार्श्व गायक विक्की छाबड़ा भक्ति गीत के रसों से सराबोर करेंगे। महायज्ञ में मुख्य रूप से मार्गदर्शक चाणक्य आईएएस अकैडमी के सक्सेस गुरु अरुण कुमार मिश्रा की सराहनीय भूमिका के साथ-साथ कलशयात्रा में चाणक्य आईएएस एकेडमी उपाध्यक्ष विनय मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा, मुखिया अनिता देवी ,संयोजक अनिल मिश्रा, अध्यक्ष कृष्णा ओझा, उपाध्याय संजीत मिश्रा, सचिव राम किशोर राम, उपसचिव सदानंद तिवारी, कोषाध्यक्ष शंकर ओझा, उप कोषाध्यक्ष विकास ठाकुर, बुधन तुरी,संरक्षक लखेश्वर मिश्रा, जगदीश मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, महामंत्री नवीन मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मनो. रंजन मंत्री पंकज मिश्रा, राकेश मिश्रा सुभाष ओझा, संतोष पांडे, बुधन तुरी, योगेंद्र मिश्रा, शिवकुमार ओझा, अर्जुन तिवारी, कंचन मिश्रा, विरेंद्र ओझा, सुजीत मिश्रा, कौशल मिश्रा, बैजनाथ भुइंया, रा. जेश भुइयाँ, दीपक मिश्रा, विक्की ओझा, शिव शंकर ठाकुर, निरंजन ओझा,नरेश ओझा, बसंत ठाकुर,तिल. कधारी ठाकुर, विष्णु तिवारी, सुजीत मिश्रा, अशोक भुइयाँ,झलकु भुइयाँ, शीतल भुइयाँ,फुलेश्वर भुइयाँ, विजय भुइयाँ,सुनील ठाकुर,रोहित ओझा, देवनाथ तुरी,देवनारायण तुरी,आलोक राम,अरविंद मिश्रा, प्रह्लाद मिश्रा,संजय दुबे,राजेन्द्र मिश्रा, देवदत्त मिश्रा, राजेश मिश्रा,पवन मिश्रा,राहुल मिश्रा, राजेश राम, बिपिन भुइयाँ, सुबोध भुइयाँ, गणेश भुइयाँ, मनोज भुइयाँ, मुनेश भुइयाँ,अंशु भुइयाँ, मंतोष मिश्रा, नंदकिशोर मिश्रा, अमित तिवारी समेत सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

## बड़कागांव में रामनवमी की धूम, अखाड़ा में विधायक अंबा प्रसाद ने की तलवारबाजी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




तलवार बाजी करते विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। रामनवमी पर विभिन्न दलों के द्वारा अखाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने तलवारबाजी की अंबा प्रसाद ने तलवारबाजी कर अखाड़े की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के हीं दिन प्रभु राम का धरती पर अवतरण हुआ था। आज भगवान श्री राम की जयंती है और आज नवरात्र का समापन भी हुआ है। प्रभु श्री राम और आदिशक्ति का आज अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र वासियों के हर सुख दुख में हमेशा साथ हैं तथा संप्रदायिक सौहार्द की परिकल्पना का प्रण लेते हैं । उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि देश मे एक बार फिर से रामराज स्थापित हो, जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोग एक दूसरे के साथ मिलकर सभी तरह के पर्व त्यौहार एक दूसरे के सहयोग से मनाएं ताकि देश में शांति व्यवस्था कायम हो सके ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव में रामनवमी की जुलूस व झांकी शांतिपूर्वक संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव मे रामनवमी की जुलूस झांकी दसवीं की दूसरे दिन शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गया। प्रखंड के 11 अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक मन. मोहक शिक्षाप्रद जीवंत झांकी निकाली गई थी। सभी झांकी में समाज को बेहतर संदेश देने का प्रयास किया गया था। बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला महावीर पूजा समिति के द्वारा निकाली गई झांकी देश की सशक्तिकरण पर विशेष रूप से जोर था झांकी में जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की जीवंत झांकी दिखलाई गई थी। वही बड़कागांव रामदूत पूजा समिति के द्वारा पर्यावरण को बचाने को लेकर झांकी बनाई गई थी। इसके अलावा बड़कागांव चौती दुर्गा पूजा समिति, आदर्श गुरु चट्टी, अंबेडकर सबरी क्लब अंबेडकर मोहल्ला, राम जानकी मंदिर रामनवमी पूजा समिति, कुशवाहा मोहल्ला, 15 नंबर चौक ,बसरिया टोला, बर तोला एवं लोहार मो. हल्ला के द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी जुलूस प्रस्तुत किया गया जिस पर लोगों ने खूब सराहना की। इन सभी झांकियों का मूल्यांकन रामनवमी महासमिति के मंच द्वारा अवलोकन कर किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस दौरान महा समिति के अध्यक्ष रा. जेश गुप्ता ने अंबा प्रसाद को तलवार देकर एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी क्षेत्र के विकास के लिए आगे आएं सहयोग करें । विधायक ने सभी को रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सम्मानित पश्चात विधायक ने लाठी खेली और तलवार भांज लोगों को मनोरंजन की। रामनवमी महासमिति के प्रयास से लगभग 5000 राम भक्तों को भंडारा कराया गया वही बड़कागांव मुख्य चौक पर राजकुमार साहू एवं प्रदीप कुमार के सौजन्य से राम भक्तों के बीच शरबत एवं चना का वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ महा समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने फीता काटकर किया । बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन लगातार चलता रहा जिसमें पूरे जुलूस में लाठी खेलने तलवार खेलने के दौरान एक भी अप्रिय घटना नहीं कोई घायल नहीं हुआ। शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन के द्वारा पूरी तरह से तैयारी की गई थी सभी जुलूस के आगे पीछे पुलिस बल तैनात थे।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा संच. ालित चिकित्सा शिविर में डॉ इंदु देव प्रसाद, बसंत कुमार, रंजीत ठाकुर, बृजेश कुमार ,अवधेश कुमार की सराहनीय योगदान रहा। वही राम नवमी का जुलूस एवं झांकी शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अंचलाधिकारी प्रभात रोशन सिंह वीडियो जितेंद्र कुमार पांडे, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी गौतम कुमार, अजीत कुमार ,प्रेम बैठा, चनेस्वर किस्कु, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रति. निधि संजय कुमार महतो, रंजीत कुमार ,बिंदेश्वर कुमार, सरोज सोनी, विनोद सिन्हा, क०लेश्वर साव, विष्णु रजक, चौती दुर्गा पूजा समिति के, अध्यक्ष दुर्गा सोनी, सचिव मनोज सोनी ,कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा, तपेश्वर कुमार तापस, पिंटू गुप्ता ,शिबु कुमार मेहता उर्फ शिव शंकर, सुबोध जयसवाल ,पिंटू गुप्ता के अलावा कई लोग शामिल थे।



अखाड़ा मंच का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक अंबा प्रसाद व अन्य अतिथि गण



जीवंत झांकी प्रदर्शन करते अखाड़ा के लोग



ठाकुर मोहल्ला की झांकी में तलवार प्रदर्शन करती युवती

## कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ हेठ्दोहर में हुआ शुरू

### भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ,17 अप्रैल तक चलेगा यह शतचंडी महायज्ञ

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रतापपुर : जिले के प्रताप. पुर प्रखंड के हेठ्दोहर गांव स्थित देवी मंदिर प्रांगण में भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में पीले व गुरुआ वस्त्र धारण किए हुए श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ जल भरी की। गेरुआ वस्त्र धारण किए हुए महिला पुरुष श्रद्धालुओं की खूबसूरती देखते ही बन रही थी। यज्ञ को लेकर वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरे गांव में भक्तिमय माहौल कायम हो गया है। यात्रा में गांव के सैकड़ों पुरुष महिलाएं व युवक-युवतियां शामिल हुई। यज्ञ के मुख्य आयोजन करता सुजय प्रसाद दांगी ने बताया की मंगलवार से शतचंडी महायज्ञ विधिवत रूप से आरंभ हो गया जो कि 17 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। यज्ञ के विधि व्यवस्था विगत कई माह से प्रारंभ थी। यज्ञशाला का निर्माण किया गया तथा मोरहर नदी के पवित्र जल से जल कलश यज्ञशाला में स्थापित किया गया है। वही मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिले के पूर्व भा. जपा विधायक जनार्दन पा. सवान के द्वारा यागशाला को विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट कर शुभा. रंभ किया गया। साथ पूर्व जिला परिषद भोला प्रसाद जी मौजूद रहें। 17अप्रैल दिन को विशाल भंडारा के साथ यज्ञ का विधिवत रूप से समापन किया जाएगा। पूजा समितियों के सदस्यों ने बताया कि मोरहर तट पर झारखंड बिहार ब०र्डर के प्रांगण में इस तरह का बड़ा आयोजन की एक परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। यज्ञ के दौरान कथा प्रवचन के श्रवण के साथ-साथ रासलीला का आनंद क्षेत्र के सभी श्रद्धालु लेते हैं।

**कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया भव्य मेला शुरू।**

जहा एक तरफ रुद्र महायज्ञ को लेकर लोगों में खुशी की महौल है वही दूसरी रंगारंग मेले में नौका झूला, ब्रेक डांस, टावर झूला, ट्रेन झूला, मिक्की मौस, जंपिंग झूला के साथ साथ मीना बाजार भी सुभारंभ कर दिया गया है। जो संध्या 7 बजे से लेकर रात्री के 12 बजे तक हर दिन चलेगा। साथ ही मेले के साथ साथ कथा वाचक श्री पारस नाथ जी के द्वारा कथा प्रवचन किया जायेगा जिसके तत पश्चात रामल. ीला का भी रंगारंग कार्यक्रम चलेगा। वही शत. चंडी महायज्ञ के आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि इस यज्ञ में काशी के प्रसिद्ध ब्राह्मणों के द्वारा यज्ञ कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा। भव्य कलश शोभायात्रा में बड़े पैमाने पर गाजे-बाजे के साथ बड़े पैमाने पर श्रद्धालु भाग लिए। कलश स्थापना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर चतरा जिले के पूर्व भाजपा विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व जिला परिषद भोला प्रसाद,रोहित कुमार, नकुल कुमार, संतोष प्रसाद, सतीश प्रसाद, रंजन कुमार, मनीष कुमार, चितरंजन कुमार, पिंटू कुमार, कमलेश ठाकुर, रवि विश्वकर्मा,आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहें।

## रामनवमी को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

रामनवमी के अवसर पर प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत उच्चाघाना में माता रानी का भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौती दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान मुखिया मुन्नीलाल महतो तथा कपिलदेव चौधरी ने फीता काटकर किया। वक्ताओं ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन की सामाजिक समरसता, दुष्ट शक्तियों के विरुद्ध लोक संगठन, पराक्रम, रामराज्य का स्वरूप व परम वैभव के लिये उनके आदर्शो को आत्मसात करें। मौके पर लोगों ने विविध भक्ति गीतों एवं नृत्य का आनंद उठाया। रात भर श्रोता भक्ति रस में गोते लगाते रहे। मौके पर नंदकिशोर महतो, मिथिलेश कुमार, सरजू पटेल, डेगलाल महतो, रामेश्वर महतो, कपिल कुमार, पप्पू, दिलीप, सचिन, कामेश्वर, प्रकाश ,जुगल किशोर, राजेश महतो, खगपति महतो, बिशुन महतो समेत कई लोग मौजूद थे।



भक्ति जागरण का उद्घाटन करते अतिथि

## अनियंत्रित बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर मौत

**अपेम लाइव :**
**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**

बिरनी थाना क्षेत्र के ताराटांड़ निवासी नन्दकिशोर यादव 37(वर्ष) की मौत सोमवार दोहपर 1 बजे सरिया से बिरनी आने के क्रम में सारंडा के नजदीक बराकर नदी के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नन्दकिशोर सरिया अपने भतीजे को लेकर सरिया के किसी निजी विद्यालय में नामांकन करवा के लौट रहे थे। बराकर नदी के समीप पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे गाड़ी संख्या AS01GC 9366 और मृतक का पैसनप्रो बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर बहुत ही भयानक थी । जिससे घटना स्थल पर ही युक्त व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार बिना हेलमेट का बाइक चला रहा था। जिससे टक्कर होने के बाद मृतक का माथा में गंभीर चोट आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत गई। बाइक में सवार सुभम कुमार 12 वर्ष भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे भी दाहिने कंधे व पैर में गंभीर चोटें आई है। दुर्घटना होने के बाद ग्रामीणों में काफी रोष देखा गया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने वही मृतक का शव रखकर सड़क जाम कर दिया। तथा मुवावजे की मांग करने लगे। घटना की सूचना पाकर बगोदर के वर्तमान विधायक विनोद सिंह पहुँचे ।तथा लोगों को समझा बुझाकर लोगों को शांत किया। दुर्घटना मे हुई क्षतिपूर्ति के लिए सरकार द्वारा प्रावधान राशि दिलाने का भरोषा दिया गया। तथा तत्काल प्रावधान राशि के अंतर्गत बिरनी बीडीओ द्वारा 10 हजार की नकद राशि दिया गया। जिसके बाद लोगों द्वारा जाम को हटा दिया गया।घटना स्थल पर उप. स्थित बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा निर्धारित राशि दिलाई जाएगी तथा गाड़ी मालिक से इंश्योरेंस से मिलने वाली राशि को भी पीडित परिवार को जल्द दिलाई जाएगी।



## प्रखंड मुख्यालय गावां में 20 अप्रैल को किया जायेगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

मंगलवार को गावां प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि गावां प्रखंड मुख्यालय में आगामी 20 अप्रैल को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा जिसमे मुख्य रूप से डॉक्टर्स, सी एच ओ की टीम आंगनबाड़ी की टीम एवं शिक्षा विभाग के लोग भी शामिल होंगे और उनके द्वारा डिजिट टेस्टिंग, दिव्यांग प्रमाण पत्र समेत अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। मौके पर चिकित्सक प्रभारी डॉ चंद्रमोहन प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि भगवान दास बर्णवाल, श्री राम यादव, सुरेंद्र त्रिपाठी, गंगा राणा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।



APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## स्नान करने के दौरान गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत अंतर्गत मानपुर गांव का 17 वर्षीय युवक उज्जवल कुमार उर्फ सोनू पिता संजय आज़ाद की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवक अपने माता पिता एवं अन्य परि. जनों के साथ अपनी दादी की अस्थियां विसर्जित करने के लिए गंगा नदी गया हुआ था जहां गंगा नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से उसकी मौत होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार जब युवक गंगा नदी में स्नान कर रहा था तभी अचानक उसका पांव फिसला और वह नदी के गहरे पानी में चला गया। हालांकि गंगा नदी में पहले से तैनात गोताखोरों की टीम ने काफी प्रयास के बाद उसे निकाल लिया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सोमवार की देर शाम जब सोनू का शव उसके गांव मानपुर लौटा, तो पूरा गांव मातम में डूब गया। क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि परिजनों से मिलने को हिम्मत देने पहुंचे थे और उन्हें ढाढस बढ़ाये।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण अधिकारियों को दिए कई आवश्यक निर्देश

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह, 12 अप्रैल 2022 : को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त द्वारा आज दिनांक 12.04.2022 को गिरिडीह प्रखंड कार्यालय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी लेते हुए वेयर हाउस में रखे गए बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट जांच किया। साथ ही वेयर हाउस गेट पर लगाए गए सील की जांच भी की गई। उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि सुरक्षा सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगशर, सीसीटीवी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गयी एवं इस दौरान सील आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने सं. बंधित पदाधिकारीयों को निदेशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, अंचल अधिकारी गिरिडीह, प्रभारी पदाधिक. री, अग्निशामक गिरिडीह, सुरक्षा गार्ड, राजनीति दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारीगण उप. स्थितज थे।

## श्रीनिवास अस्पताल दशमी की पूरी रात जरूरतमंदों की सेवा में रही तत्पर

### रात भर दी घायलों को निस्वार्थ प्राथमिक उपचार की सुविधा, डिलीवरी पेसेंट को करवाया रक्त उपलब्ध

**अपेम लाइवः ओरिया**



हजारीबाग की ख्यातिप्राप्त रामनवमी पर्व की दशमी की पूरी रात श्रीनिवास अस्पताल की टीम मानवता मुल्यों के प्रति तत्पर रही। सोमवार को शाम से लेकर सुबह तक श्रीनिवास अस्पताल झंडा चौक पर फ्रेंड्स ग्रुप के द्वारा लगाए गए स्टॉल में जुलूस के दौरान घायल लोगों को नि. स्वार्थ प्राथमिक उपचार की सुविधा दी। साथ ही अस्पताल मानवता मुल्यों के प्रति जरुरतमंदों की नि. स्वार्थ-सेवा में अलग छाप छोड़ दिया। इस दौरान 100 से अधिक जुलूस में घायल हुए लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया व अपना प्राथमिक उपचार करवाया। इस क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, शहर के कई प्रबुद्धजन एवं इस सुविधा का लठाए हुए लोगों ने इस पहल को काफी सराहा। इधर वंदना नर्सिंग होम में इलाजरत डिलीवरी पेसेंट को ससमय श्रीनिवास ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त उपलब्ध करवाया गया। वंदना नर्सिंग होम में इला. जरत डिलीवरी पेसेंट मरीज को जैसे ही रक्त उपलब्ध करवाने हेतु चिकित्सकों के द्वारा आदेश दिया गया। परिजनों ने आनन-फानन में श्रीनिवास ब्लड बैंक से मदद की गुहार लगाई। श्रीनिवास ब्लड बैंक की टीम तुरंत संज्ञान में लेकर मानवता दिखलाई। ब्लड बैंक के आग्रह पर डॉ अमित सोरेन ने रक्तदान कर मानवता के प्रति बे. मिसाल उदाहरण को पेश किया व जरुरतमंद को रक्त उपलब्ध करवाया गया।इस मौके पर निर्देशक प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमारा कॉलेज व अस्पताल मानवता मुल्यों के प्रति सदैव संकल्पित है। हम सभी का हमेशा से प्रयास रहा है कि जरुरतमंदों को अंतिम तक सेवा देकर चिकित्सा के क्षेत्र में हजारीबाग को मजबूत बनाना। उन्होंने कहा कि ख्यातिप्राप्त रामनवमी के अवसर पर निस्वार्थ हमारे अस्पताल के द्वारा जुलूस में घायल लोगों के लिए प्राथमिक उपचार की सुविधा दी गई। करीब 100 से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया।

## कान्हाचट्टी के बेंगोकला निवासी उमन सिंह भोक्ता जनवितरण प्रणाली दुकान के लिए जिले के सभी अधिकारियों के दरबार मे लगा चुका है हाजिरी

### उपायुक्त एवं कल्याण मंत्रालय को आवेदन देकर पुनः राशन दुकान दबंगो से वापस करवाने का लगा चुका है गुहार

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



भले ही सरकार कहे कि सरकार गरीब गुरुबों की सरकार है।सरकार गरीबों के लिए बनी है लेकिन यह केवल कहावत ही बनकर रह गया है।गरीब की आवाज को आज के समय मे पैसे के सामने गरीबों की आवाज भी दब जा रही है।कोई भी गरीब की आवाज को सुनने समझने वाला नहीं है।ऊक्त बाते बेंगोकला निवासी और पूर्व डीलर उमन सिंह भोक्ता ने कहा।उमन सिंह भोक्ता ने रोते हुए कहते हैं कि मैं 75 वर्ष की उम्र में भी बी डी ओ से लेकर डी सी और फिर कई मंत्रालयो को भी आवेदन दिया कि हमारा जनवितरण प्रणाली के दुकान को कान्हाचट्टी के अपने आप को दबंग मानने वाले द्वारिका केशरी ने अपने पुत्र पिंटू प्रसाद केशरी के नाम से मेरा ला. इसेंस को करवा दिया।भोक्ता ने कहा कि मैं अनपढ़ ग्रामीण था जिसका फायदा उठाते हुए श्री केशरी ने अपने पुत्र के नाम से अफसरों के साथ मिल कर मेरा लाइसेंस को अपने पुत्र के नाम से कर लिया।उसने कहा कि पहले केशरी ने कहा कि मैं आपका राशन जन वितरण का दुकान चला देता हूँ लगभग दस पन्द्रह वर्ष तक मैं गोदाम से वितरण के लिए अनाज और तेल उठाते थे और केशरी वितरण करता था लेकिन इसी बीच कुछ दिनों के बाद वह मुझे राशन दुकान से अलग कर दिया और उसने कहा कि अब जन. वितरण आपका नहीं है यह दुकान मेरा है।तब से मैं अब तक बी डी ओ से लेकर डी सी तक को आवेदन दिया।कई बार चतरा भी गए लेकिन आज तक मेरा कोई सुनने वाला नहीं है।हालांकि पिछले वर्ष अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय ने पत्रांक 86 दिनांक 14 अप्रैल 2021 के माध्यम से कान्हाचट्टी बी डी ओ से फर्जी तरीके से जनवितरण के अनुज्ञप्ति से सम्बंधित जांच का आदेश दिया था।लेकिन आज तक दबंगो के पहुंच और पैरवी के सामने गरीब उमन को न्याय नहीं मिला।उमन सिंह भोक्ता ने मंत्री सत्यानन्द भोक्ता को भी आवेदन दिया था जिसमे मंत्री ने एस डी ओ और जिला जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई के लिए लिखे थे लेकिन केशरी के पैरवी और पैसे के सामने गरीब को कोई भी मदद नहीं किया और आज भी उमन भोक्ता चतरा उपायुक्त से आशान्वित है कि मुझे ऊचित न्याय जरूर दिलाएंगे।

## बाबा भद्रेश्वर धाम मंदिर प्रांगण जमडीहा में माहयज्ञ का ध्वजारोहन कार्यक्रम हुआ

**अपेम लाइव : ब्यूरो चीफ गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत गादी पंचायत के जमडीहा में श्री श्री 108 मां भगवती पार्वती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ का ध्वजारोपण कार्यक्रम आज हुआ पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिमय इस दौरान जमडीहा एवं आस-पास के श्रद्धालु शामिल हुए और नगर भ्रमण किया गया जो जमडीहा से पेशम तक जुलूस निकाला गया इस दौरान हर घर भगवा छाएगा राम राज्य फिर आएगा,भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा, राम जी की निकली सवारी,जय श्री राम,हर हर महादेव शरीखे नारों से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया इस अवसर वैदिक पंकज आचार्य जी ने बताये इस प्रकार के महायज्ञ से सुख शांती समृद्धि लाता है तथा हर प्रकार के पापों का विनाष होता है यज्ञ समिति के सचिव श्री दशरथ सिंह, अध्यक्ष श्री संतोष सिंह ने कहा आज तमाम ग्रामवासी इस महायज्ञ का ध्वजारोपण का कार्यक्रम की शुरुवात जुलूस के साथ किये उपाध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ट है सिर्फ सनातन धर्म में ही विश्व का कल्याण की बात किया जाता है इस प्रकार के आयोजन से धर्म के प्रति लोगो का झुकाव होता है। हर क्षेत्र में इस प्रकार का आयोजन होना चाहिए यज्ञ समिति जमडीहा आप सभी सनातनी धर्म प्रेमियो को इस यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे कोषाध्यक्ष जनार्दन राम,इस यज्ञ के पुजारी श्री राम प्रसाद सिंह, सहदेव सिंह,पप्पू सिंह, पवन सिंह , मुरली सिंह ,प्रेम तरवे,शम्भू नाथ सिंह रामेश्वर सिंह,सुधीर सिंह, नारायण पांडेय,प्रवीण पासवान,विक्रम तरवे, गुड्डू सिन्हा, बालेश्वर सिंह,कामेश्वर राम,राजेन्द्र सिंह,विनोद सिंह,रामदेव राम, रामकिशोर राय, दिनेश यादव, नितेश तरवे,हरेंद्र पासवान, आनंद पासवान, भगीरथ पंडित समेत सैकड़ो महिलाये एव काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो0 – विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना| संपर्क सूत्र :- 6200723851

APEM LIVE